# कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, सूरजपुर वनमण्डल सूरजपुर (छ.ग.)

**Phone No.** ( 07775)-266992 (O) **E-mail Id** -dfosurajpur@gmail.com


क्रमांक/मा.चि./ 4313 सूरजपुर, दिनांक/ 7/9 /2017

**प्रति**

**कार्यपालन अभिंयता**

**अति उच्च दाब निर्माण संभाग,**

**छ.रा.वि.पारे.कं.मर्या, कोरबा**

**विषयः–** **लिलो ऑफ 132 के.व्ही. डी.सी.डी.एस. विश्रामपुर – प्रतापपुर–बलरामपुर लाईन के लो. नम्बर 42/0 से टेपिंग कर प्रस्तावित 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र राजपुर,लाईन में प्रभावित कुल वनभूमि 18.204 हे. का वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अंतर्गत प्रत्यावर्तन बावत्।**

**– पंजीयन क्रमांक–** FP/CG/TRANS/22299/2015

**संदर्भः–** भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय नागपुर का पत्र क्र./F No. FC-II/CH-53/2016-NGP/1702 दिनांक 03.05.17

---00---

विषयान्तर्गत सूरजपुर वनमण्डल अन्तर्गत लिलो ऑफ 132 के.व्ही. डी.सी.डी.एस. विश्रामपुर--प्रतापपुर--बलरामपुर लाईन के लो. नम्बर 42/0 से टेपिंग कर प्रस्तावित 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र राजपुर लाईन में सूरजपुर वनमण्डल के प्रतापपुर परिक्षेत्र अंतर्गत प्रभावित आरक्षित वन 1.210 हें.,सरक्षित वन 6.942 हें.,एवं राजस्व वनभूमि 3.091 हें. कुल प्रभावित वनभूमि 11.243 हे. एवं बलरामपुर वनमण्डल अन्तर्गत राजस्व वनभूमि 6.961 हें. सकल प्रभावित वनभूमि 18.204 हें. वनभूमि के गैर वानिकी उपयोग हेतु वन संरक्षण अधिनियम 1980 अन्तर्गत वनभूमि प्रत्यावर्तन प्रस्ताव की प्रथम चरण की स्वीकृति भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय नागपुर के पत्र क्रमांक/ F.No. FC- II/CH-53/2016-NGP/1701 दिनांक 03.05.17 के द्वारा जारी की गयी है।

उक्त प्रकरण में भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय नागपुर के अधिरोपित शर्त क्रमांक–xxi – Alternate rehabitat/home for avifauna के परिपालन में आपके द्वारा avifauna के Alternate rehabitat/home के निर्माण एवं संधारण का अध्ययन Bio Diversity Society of Chhattisgarh, Raipur के द्वारा किये जाने उपरान्त प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है । उक्त प्रोजेक्ट रिपोर्ट में avifauna के Alternate rehabitat/home के निर्माण हेतु राशि रू0 14,03,000=00 ( चौदह लाख तीन हजार रूपये) मात्र प्रावधानित किया गया है।

O/C

आपके द्वारा प्रस्तुत avifauna के Alternate rehabitat/home के निर्माण एवं संधारण का अध्ययन के प्रोजेक्ट रिपोर्ट में प्रावधानित कार्यो एवं राशि का अनुमोदन प्रधान मुख्य वनसंरक्षक (वन्य प्राणी ) छ. ग. रायपुर से प्राप्त किया जाना है । प्रधान मुख्य वनसंरक्षक (वन्य प्राणी ) छ. ग. रायपुर के द्वारा प्रावधानित कार्यो एवं राशि के संबंध में यदि कोई अन्तर होती है तो आवेदक संस्थान अन्तर की राशि प्रस्तुत किये जाने के लिये वचनवद्ध है, इस आशय का वचन पत्र प्रस्तुत किया जावे ।

अतः उक्त प्रकरण के प्रथम चरण स्वीकृति में अधिरोपित शर्त क्रमांक–xxi – Alternate rehabitat/home for avifauna के निर्माण एवं संधारण का अध्ययन में प्रावधानित राशि रू0 14,03,000=00 ( चौदह लाख तीन हजार रूपये) मात्र का भुगतान कार्पोरेशन बैंक नई दिल्ली के CAMPA खाता में ई–चालान के माध्यम से जमा कर ई–चालान की कॉपी एवं आवश्यक वचन पत्र तत्काल प्रस्तुत करें।

**वनमण्डलाधिकारी**
**सूरजपुर वनमण्डल, सूरजपुर**

पृ.क्रमांक/मा.चि./ 4314 सूरजपुर, दिनांक/07/9/2017

**प्रतिलिपिः–**
1. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, (भू–प्रबंध) छ.ग. रायपुर को सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. मुख्य वन संरक्षक, सरगुजा वन वृत्त अम्बिकापुर को सूचनार्थ सम्प्रेषित।
3. वनमण्डलाधिकारी, बलरामपुर वनमण्डल बलरामपुर को सूचनार्थ प्रेषित ।

**वनमण्डलाधिकारी**
**सूरजपुर वनमण्डल, सूरजपुर**